# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 27.05.2025

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 26.05.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवचरन तोमर मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त सलीम उर्फ सोनू डॉन पुत्र आकिल निवासी ग्राम व थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर खाईखेड़ा–टंधेडा रोड से पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर( मु0अ0सं0 80/25 धारा 305ए,331(3),317(2) बीएनएस थाना ककरौली से सम्बन्धित), 01 सीडी डॉन मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट, 2010/– रूप्ये व 01 तमंचा मय 01 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 84/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भौराकलां व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ टयूबवैल से विद्‌युत उपकरण चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 02 शातिर अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 26/27.05.2025 को थानाध्यक्ष भौराकलां श्री पवन कुमार मय हमराहीगण व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. आदिल उर्फ शौकीन उर्फ जैद पुत्र अमीरूद्दीन उर्फ कल्लू निवासी मौ0 बिलासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर व 2. इस्तकार कुरैशी पुत्र नसीर निवासी ग्राम भडल थाना दोघट, बागपत हाल पता सफीपुर पट्टी कस्बा व थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ टयूबवैल से विद्‌युत उपकरण चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 02 शातिर चोर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अवैध तमंचे मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मोटरसाइकिल(मु0अ0सं0 273/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना अंकुर विहार गाजियाबाद से सम्बन्धित), 03 विद्‌युत केबल के टुकडे(मु0अ0सं0 29/2025 धारा 305(1),331(4) बीएनएस थाना भौराकलां से सम्बन्धित), चोरी करने के उपकरण(01 प्लास, 01 संडासी, 02 पेंचकस, 02 चाबी, 01 पाइप रैंच तथा 01 बलकटी आदि) बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भौराकलां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 55/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 27.05.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री सेन्सरपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 106/25 धारा 2/3 गैंगस्टर में वांछित अभियुक्तगण 1. मुजाहिद पुत्र वलेदीन व 2. उस्मान पुत्र नबाव निवासीगण ग्राम खतौला थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को खतौला मोड से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 27.05.2025 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 227/25 धारा 2/3 गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त अरशद पुत्र नूरूद्दीन निवासी इस्माईल नगर सुभाष बाजार थाना कोतवाली जनपद मेरठ को खतौली तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 27.05.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री पीयूष चौधरी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 167/24 धारा 318(2),317(2) बीएनएस व धारा 66 डी आई टी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. रोहित सिंह पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम जलालपुर मैदान भरहेटा थाना चुनार जनपद मिर्जापुर को सठेड़ी नहर पुल के पास नहर पटरी पर हरिद्वार की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 4800/– रूप्ये आनलाइन ठगी से सम्बन्धित बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।